सूरत में नकली तंबाकू बनाने वाली फैक्ट्री का भंडाफोड़, एक आरोपी गिरफ्तार, 2.13 लाख का माल जब्त

गुजरात के सूरत शहर में नकली तंबाकू बनाने वाली एक फैक्ट्री का पुलिस ने पर्दाफाश किया है. यह फैक्ट्री सूरत के वराछा क्षेत्र के तिरुपति नगर में एक बिल्डिंग की पहली मंजिल पर पिछले 22 दिनों से चल रही थी.

पुलिस ने करीब 2.13 लाख रुपये का माल जब्त किया पुलिस के मुताबिक आरोपी हर्षद काछड़िया पहले भी नकली माल बनाने और जुए के मामले में पकड़ा जा चुका है. पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि इस नकली तंबाकू रैकेट में और कौन-कौन शामिल है और बीते 22 दिनों में तंबाकू कहां-कहां बेचा गया. पुलिस ने कंपनी प्रतिनिधियों के साथ मिलकर कार्रवाई की और इसका वीडियो भी बनाया गया है. फिलहाल जांच जारी है.

Source: https://www.aajtak.in/india/gujarat/story/surat-fake-tobacco-factory-raided-one-arrested-goods-seized-gujarat-lclar-strc-2294605-2025-07-23